बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-187
21/03/2026

मुख्यमंत्री ने ईद–उल–फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों का किया भ्रमण, लोगों से मुलाकात कर दी बधाई एवं शुभकामनायें

पटना 21 मार्च 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज ईद–उल–फितर के अवसर पर खानकाह–मुजीबिया फुलवारीशरीफ जाकर वहां के सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनकी दुआयें ली और ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह–ए–मुनएमिया पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह शमीमुद्दीन अहमद मुनअमी के साथ मिलकर राज्य की सुख–शांति एवं समृद्धि की दुआ की। साथ ही वहां मौजूद लोगों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री तकिया शरीफ, मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह बारगाहे इश्क पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद सहित अन्य लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

ईद–उल–फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों पर भ्रमण के दौरान ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद श्री संजय कुमार झा, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******